महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

पत्रांकः– 673/पी0ए0/2022 दिनांकः– 02/11/2022

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या, प्रबन्धक

समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,

महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़।

विषयः विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल पर ऑनलाइन/ऑफलाइन पेमेंट के माध्यम से सभी प्रवेशित छात्र/छात्राओं का जमा किया गया पंजीकरण शुल्क का विवरण प्रेषित करने के संन्दर्भ में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक पत्रांकः 596/पी0ए0/2022, दिनांक–02.10.2022 तथा पत्रांक 623/पी0ए0/2022, दिनांक 14.10.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा 18 अक्टूबर, 2022 तक प्रवेश कन्फर्म करने तथा प्रवेशित छात्र/छात्राओं का पंजीकरण शुल्क भी विश्वविद्यालय के खाते में जमा करने हेतु निर्देशित किया गया था। कुछ महाविद्यालयों ने ऑनलाइन/ ऑफलाइन के माध्यम से प्रवेश पंजीकरण शुल्क जमा कर दिया है, किन्तु अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा प्रवेश पंजीकरण शुल्क आनलाइन/आफलाइन के माध्यम से विश्वविद्यालय के खाते मे नही जमा किया गया है।

अतः मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार पुनः निर्देशित किया जाता है कि जिन महाविद्यालयों ने प्रवेश पंजीकरण शुल्क नही जमा किया है वे दिनांक 07.11.2022 तक अनिवार्य रूप से ऑनलाइन/ऑफलाइन (Payment Gateway अथवा RTGS) माध्यम से जमा कराना सुनिश्चित करें तथा जिन महाविद्यालयों ने प्रवेश पंजीकरण शुल्क **RTGS** के माध्यम से जमा कर दिया है उन महाविद्यालयों से अनुरोध है कि अपने समस्त छात्र/छात्रांओं की संख्या, कुल जमा धनराशि, **UTR Number, Transaction Number, Date Of Transaction,** का विवरण विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल https://admission.msdsuonline.in पर कालेज लागिन **के लिए दिये गये लिंक पर क्लिक कर** अपने यूजर आईडी एवं पासवर्ड का उपयोग करते हुए विलम्बतम 07.11.2022 तक उपलब्ध करा दें। तददिनाँक तक शुल्क न जमा होने व शुल्क जमा होने की सूचना प्राप्त न होने के कारण सम्बन्धित महाविद्यालयों के परीक्षा फार्म नहीं भरे जा सकेंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धि महाविद्यालय की होगी।

तदोपरान्त प्रवेश पंजीकरण शुल्क का विवरण अतिशीघ्र प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपि : निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।

कुलसचिव